# BIHAR BOARD CLASS–XII

# 2009

# SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

1. छायावाद की पाँच विशेषताएँ बताइए।

अथवा,

कबीर या सूरदास या तुलसीदास का कवि परिचय लिखिए।

2. सप्रसंग व्याख्या करें-

(क) 'सच है' जब तक मनुष्य बोलता नहीं तब तक उसका गुण-दोष प्रकट नहीं होता।

अथवा

बिना फेर घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही ।

(ख) मिस्री, दधि, माखन मिस्रित करि, मुख नावत छबि धनियाँ।

आपुन खात, नद-मुख नावत, सो छबि कहत न बनियाँ ।

अथवा,

धनि सो पुरुख जस कीरति जासू ।

फूल मेरे पे मरे न बासू ।

3. 1. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर बताइए-

(i) भगवान श्रीकृष्ण किस कवि के पूज्य थे ?

(क) तुलसीदास

(ख) जायसी

BiharboardQuestionpaper.com

(ग) कबीरदास

(घ) सूरदास

(ii) आपकी पाठ्यपुस्तक में नाभादास की कविता किन दो कवियों के बारे में है ?

(क) जायसी एवं सूरदास

(ख) कबीर एवं सूरदास

(ग) सूरदास एवं तुलसीदास

(घ) तुलसीदास एवं कबीरदास

(iii) 'जूठन' क्या है?

(क) जूठा

(ख) कहानी

ग) शब्दचित्र

(घ) आत्मकथा

(iv) किस पाठ में यह उद्धरण आया है?

"फौजी वहाँ लड़ने के लिए हैं, वे भाग नहीं सकते। जो फौज छोड़कर भागता है, उसे गोली मार दी जाती है........ ।"

(क) हंसते हुए मेरा अकेलापन

(ख) प्रगति और समाज

(ग) सिपाही की माँ

(घ) ओ सदानीरा

(v) 'तिरिछ' कहानी के कहानीकार हैं-

(क) उदय प्रकाश

BiharboardQuestionpaper.com

(ख) बालकृष्ण भट्ट

(ग) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(घ) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

11. सही जोड़े का मिलान करें-

(क) जे. कृष्णमूर्ति (i) जयशंकर प्रसाद

(ख) अज्ञेय (ii) शिक्षा

(ग) तुमुल कोलाहल कलह में (iii) रोज

(घ) गाँव का घर (iv) अशोक वाजपेयी

(ङ) हार-जीत (v) ज्ञानेन्द्रपति

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

(क) जिस पुरुष में नारीत्व नहीं .........है।

(ख) उसने कहा था' कहानी का नायक .......... है ।

(ग) वसुंधराभोगी मानव और ........... मानव एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

(घ) प्रात नभ था बहुत .............. शंख जैसे।

(ङ) अजगर करे न चाकरी, पछी करै न काम।

दास मलूका कह गए, सबके दाता ........ है ।

5. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए-

(क) कोई अविस्मरणीय घटना

(ख) मेरा भारत महान

(ग) पर्यटन का महत्त्व

(घ) मेरे प्रिय कवि

(ङ) शहरी जीवन

BiharboardQuestionpaper.com

6. किन्हीं दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) भगत सिंह ने कैसी मृत्यु को सुन्दर कहा है? वे आत्महत्या को कायरता कहते हैं। इस सम्बन्ध में उनके विचारों को स्पष्ट करें।

अथवा,

'बातचीत' शीर्षक निबंध का सारांश लिखिए।

(ख) 'अधिनायक' कविता का सारांश लिखिए।

अथवा,

'जन-जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

अथवा, 'उषा' शीर्षक कविता के बिम्बों को स्पष्ट करें।

7. किन्हीं छः लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दें-

(क) हरिचरण को हरचरना क्यों कहा गया है ?

(ख) अधिनायक का क्या अर्थ है?

(ग) वाक्शक्ति न होती तो क्या होता ?

(घ) नारी में पुरुष का गुण और पुरुष में नारी का गुण होना चाहिए या नहीं ?

(ङ) पुंडलीक जी कौन थे ?

(च) ओ सदानीरा किस नदी के लिए कहा गया है?

(छ) 'उसने कहा था' दिव्य प्रेम पर प्राणोत्सर्ग का कहानी है या नहीं ?

(ज) महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस का नाम किस पाठ में आया है?

8. अपने प्राधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए, जिसमें कई महीने से अंग्रेजी की पढ़ाई न होने के कारण उत्पन्न कठिनाई का वर्णन किया गया हो।

अथवा,

किसी दुर्घटना का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

BiharboardQuestionpaper.com

9. संक्षेपण करें-

अंग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है, पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है। अंग्रेजी पढ़कर अपने देश को अपनी भाषा को, यानी संस्कृति को भूल जाना खराब है। यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि आज के अधिकतर अंग्रेजी पढ़े-लिखे सज्जन अपने देश की प्रत्येक चीज को हीन दृष्टि से देखते हैं। उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मानहानि समझते हैं। पर्व को ही लीजिए। पढ़े-लिखे लोग कहते हैं कि यह, स्त्रियों का ढोंग है, यह पंडितों का पोंगा है। वे कहते हैं, पर्व बेकार हैं, फिजुलखर्ची के साधन हैं।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com